which have been started under operation Black Board in the country;

(b) the reasons for which such schools are not functioning; and

(c) the measures Government propose to lake to make them functional ?

THE DEPUTYMINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) The scheme of Operation Black Board does not envisage opening of new schools.

(b) and (c) Does not arise.

Protection of Historical Monuments From Earthquake

1649. SHRI SHTVPRATAP MISHRA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :—

(a) whether it is a fact that historical monuments in the country are seriously affected by the earthquakes and their beauty is deteriorating day by day; and

(b) if so, what steps Government have taken to protect the historical monuments?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) No Sir.

(b) Does not arise.

सहारनपुर में महिला को निर्वस्त्र किये जाने के संबंध में राष्ट्रीय आयोग द्वारा कार्यवाही किया जाना

1650. **श्री रंजन प्रसाद यादव :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सहारनपुर जिले की एक महिला को निर्वस्त्र किया गया और उन्हें न्यायालय से बाहर निकालकर पीटा गया;

(ख) क्या महिलाओं संबंधी राष्ट्रीय आयोग को इस मामले की जानकारी है; और

(ग) यदि हाँ, तो इस संबंध में आयोग किस निष्कर्ष पर पहुंचा है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला एवं बाल विकास विभाग) में राज्य मन्त्री (श्रीमती जयन्ती राजेश्वरी) : (क) से (ग) यह बताया गया है कि एक महिला को सहारनपुर में न्यायालय के बाहर तथाकथित रूप से निर्वस्त्र किया गया था । राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले की जाँच करनी आरम्भ कर दी है ।

मध्य प्रदेश में किया गया भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

1651. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने मध्य प्रदेश के किन-किन जिलों में लौह, अयस्क, तांबा, मैगनीज, पैट्रोलियम, कोयला, एल्युमिनियम और जस्ते की खोज के लिए सर्वेक्षण किया है;

(ख) इस सर्वेक्षण के अनुसार किन-किन स्थानों पर उक्त खनिजों में से कौन-कौन से खनिज प्राप्त होने की संभावनाओं का पता चला है;

(ग) क्या भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा बताये गये खनिजों को निकालने/खनन का कार्य प्रारंभ किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो सरकारी तथा गैर-सरकारी कंपनियों द्वारा किये गये उत्खनन/खनन कार्य का ब्यौरा क्या है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जी०एस०आई०) ने मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में निम्नलिखित खनिजों के लिए सर्वेक्षण और गवेषण किया है :—

लौह अयस्क : बस्तर, दुर्ग तथा जबलपुर जिले ।

मैगनीज : बालाघाट, छिन्दवाड़ा, जबलपुर, झबुआ तथा खरगोन जिले ।

तांबा : बालाघाट, बस्तर, सतरपुर, ग्वालियर और सिंधी जिले ।

कोयला : बेतुल, बिलासपुर, छिन्दवाड़ा, रायगढ़, शहडोल, सिंधी और सरगुजा जिले ।

एल्युमिनियम : बालाघाट, शहडोल, बिलासपुर, रायगढ़, जबलपुर, मान्डला, सरगुजा तथा रीवा जिले ।

जस्ता: जिला बेतूल ।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण देश में पैट्रोलियम के लिए गवेषण नहीं करता है ।

(ख) से (घ) पहले प्रमाणित किए गए आर्थिक रूप से लाभप्रद निक्षेपों के आधार पर, बस्तर जिले में बेलाडिला और डाली-राझोरा क्षेत्र में लौह अयस्क; बालाघाट और छिन्दवाड़ा जिलों में बालाघाट, उकवा तथा तिरोडी क्षेत्र में मैगनीज; बालाघाट जिले में मलंजखंड क्षेत्र में तांबा; बेतुल जिले में पथखेड़ा, शाहपुर, बिलासपुर जिले में कोरबा, छिन्दवाड़ा जिले में पेन्च-कन्हान बेसी-पारासिया, शहडोल जिले में सोहागपुर-उमरिया, सिंधी जिले में सिंगरोली, सरगुजा जिले में बिशरामपुर-चिरमीरी में कोयला तथा जबलपुर जिले में कटनी, मान्डला और शहडोल जिलों में अमरकंटक तथा बिलासपुर